in which our diplomats in Pakistan live. It is in total contrast to the comfort and easy access with which Pakistani Ambassadors and Pakistan High Commissioner live in India. Sir, I think, the whole House would agree with me that we should convey our full support to our diplomats, who are living under very difficult conditions in Pakistan. I would like to know this from the hon. Minister. How long does he think that this state of extreme tension will continue and what are your long-term plans for controlling this?

श्री दिग्विजय सिंह: माननीय सभापति महोदय, विदेश विभाग और विदेश नीति पर सम्मानित सदस्य का बहुत अनुभव रहा है और उन्होंने बहुत सेवा की है। जितनी मेरी उम्र है, उतनी तो आपने सेवा कर दी है। पाकिस्तान में...

श्री सभापति: सेवक और मंत्री महोदय दोनों बैठ जाएं, काम हो गया। बस अब आपका जवाब हो गया।

Antyodaya Anna Yojana

*54. SHRI R.P. GOENKA: Will the Minister of CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a proposal has been formulated to enlarge the ambit of the Antyodaya Anna Yojana (AAY), which is intended to provide foodgrains to the poor at highly subsidized rates, with a view to covering a larger number of poor with food security;

(b) if so, the details thereof and the number of additional families likely to be covered under the revised scheme; and

(c) the details of offtake of foodgrains under the scheme by the various States, State-wise, since its inception two years ago?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI SUBHASH MAHARIA): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (c) The question of extending the scope of the Antyodaya Anna Yojana (AAY) as part of the initiative towards providing support and food security to the most vulnerable sections such as old people, widows

and disabled persons, without family or societal support, is receiving attention. The information in respect of the off-take of foodgrains under the AAY, State-wise, is enclosed as Statement.

Statement

Statewise offtake of foodgrains under the Antyodaya Anna Yojana has been as under:

(offtake in '000 tonnes)

State/UT	2000-2001	2001-2002	2002-2003 (up to December, 2002)
1	2	3	4
Andhra Pradesh	2.83	191.52	168.85
Arunachal Pradesh	0	0.74	4.73
Assam	0	28.52	80.30
Bihar	0	108.55	240.52
Chhattisgarh	0.34	77.88	4.65
Delhi	0	1.20	8.52
Goa	0.09	0.73	1.62
Gujarat	0	56.75	81.23
Haryana	1.89	22.66	32.01
Himachal Pradesh	0	23.09	24.95
Jammu & Kashmir	0	7.27	20.44
Jharkhand	0	62.79	82.83
Karnataka	0	80.80	134.38
Kerala	10.94	61.51	74.56
Madhya Pradesh	0	173.56	185.33
Maharashtra	0	234.37	269.36
Manipur	0	0.74	9.08
Meghalaya	0	2.81	8.85
Mizoram	0	3.16	3.31
Nagaland	0	2.84	5.95
Orissa	0	87.28	128.74
Punjab	8.27	8.07	11.72
Rajasthan	0	102.78	110.99
Sikkim	0	1.15	2.17
Tamil Nadu	0	24.76	213.10

1	2	3	4
Tripura	0	6.79	14.10
Uttar Pradesh	0	246.43	323.11
Uttaranchal	0	0	10.95
West Bengal	0	56.91	148.86
A & N Islands	0	0.43	0
Chandigarh	0	0.32	0.67
D & Nagar Haveli	0	0.78	0.62
Daman & Diu	0	0.11	0.07
Lakshadweep	0	0	0
Pondicherry	0	0.92	2.23
TOTAL :	24.35	1678.19	2408.789

श्री आर०पी० गोयनका: सभापति महोदय, मंत्री जी ने मेरे दो सवालों में से एक का उत्तर तो दे दिया है और स्टेट वाइज़ बता दिया है कि कितनी मदद दी गयी।

श्री सभापति: वह उत्तर इसलिए नहीं दे रहे हैं कि कल अकाल पर बहस हुई थी, उस समय आप यहां नहीं थे।

श्री आर० पी० गोयनका: सर, पार्ट टाइम में था।

श्री सभापति: ठीक है, बोलिए।

श्री आर० पी० गोयनका: मैं यहां नहीं था, यह मेरी गलती थी। मेरा दूसरा सवाल है कि जिसका उत्तर आपने नहीं दिया कि आगे चलकर इस रकम से आप और लोगों को सहायता प्रदान करेंगे? आपने सिर्फ इतना कह दिया कि ''इट इज़ अंडर कंसीडेशन।'' यह जवाब बच्चें को स्कूल में भुलाए जाने के लिए दिया जाता है, हम तो उम्र में बड़े हो चुके हैं।

श्री सुभाष महरिया: माननीय सभापति महोदय, सम्मानित सदस्य ने यह जानकारी चाही है कि अंत्योदय अन्न योजना में अभी हाल ही में कितने और लोगों को शामिल किया जा रहा है। जैसा कि विदित है, इस योजना के तहत 25 दिसम्बर 2000 को एक करोड़ परिवारों को शामिल करने का लक्ष्य तय हुआ था। मुझे यह कहते हुए खुशी है कि इस योजना के तहत जो आवंटन, वितरण और उठाव हुआ है, वह संतोषजनक रहा है और 85 प्रतिशत से ऊपर का उठाव रहा है। आदरणीय सदस्य ने जानना चाहा है कि क्या एक करोड़ लोगों को और लिया जाएगा? मुझे कहते हुए खुशी है कि आपके प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है और इस योजना में एक करोड़ लोगों को और लेने की

सरकार की पूरी-पूरी मंशा है जिसके तहत इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि किन लोगों को इसमें लिया जाएगा। बेसहारा, 60 वर्ष से अधिक की उम्र के लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। विकलांग लोगों को शामिल किया जाएगा। विधवाओं, रुग्ण एवं बीमार लोगों, जिनका कोई सहारा नहीं है, उन्हें शामिल किया जाएगा। अकेले पुरुष और स्त्रियों को शामिल किया जाएगा।

श्री सभापति: ठीक है, आपका जवाब हो गया है।

श्री आर० पी० गोयनका: मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि एक करोड़ और लोगों को यह सहायता प्रदान करेंगे, ऐसा कहने में इन्हें क्या शर्म आती थी?

श्री सभापति: उन्होंने कह तो दिया कि एक करोड़ लोगों को और शामिल करेंगे।

श्री आर० पी० गोयनका: सर, अब कह रहे हैं जब पूछा गया है।

श्री सभापति: आप जैसे बुजुर्ग आदमी जब पूछेंगे, तभी तो बोलेंगे।

Internet virus

*55. SHRI DATTA MEGHE: Will the Minister of COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item captioned "Internet worm may cause Rs. 300 crore loss to IT Trade" as reported in 'the Hindu' dated the 27th January, 2003;

(b) if so, whether the virus in Internet Services has caused losses to Government to the tune of crores of rupees;

(c) if so, the details thereof;

(d) whether the VSNL has taken any steps to control the situation; and

(e) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF COMMUNICATIONS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI ARUN SHOURIE): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) to (e) Do not arise.

श्री दत्ता मेघे: सर, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि जनवरी के महीने में इंटरनेट वायरस आने से देश में जो कंप्यूटर नेटवर्क पर असर पड़ा था, उस वायरस से देश में कंप्यूटर पर